**Series ƐFGHE** **Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **63**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)
# PSYCHOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **70***
*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **70***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **36** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **36** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *जिन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, उन्हें छोड़कर **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** : प्रश्न संख्या **1** से **18** में प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है । आपसे निर्देशानुसार उत्तर देने की अपेक्षा की जाती है ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** : प्रश्न संख्या **19** से **23** अति लघु-उत्तरीय टाइप-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** : प्रश्न संख्या **24** से **27** लघु-उत्तरीय टाइप-II प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **3** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ** : प्रश्न संख्या **28** से **31** दीर्घ-उत्तरीय टाइप-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ** : प्रश्न संख्या **32** एक दीर्घ-उत्तरीय टाइप-II प्रश्न है, जिनके लिए **6** अंक निर्धारित है । इस प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड च** : प्रश्न संख्या **33** से **36** दो व्यक्ति अध्ययनों पर आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक व्यक्ति अध्ययन पर आधारित **2** प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

## खण्ड क

**1.** विजय के माता-पिता असमंजस में हैं कि वह ग्यारहवीं (11वीं) कक्षा में किन विषयों का चयन करे । उसकी क्षमता जानने के लिए स्कूल काउंसलर ने अभिक्षमता परीक्षण लेने का सुझाव दिया । आपके अनुसार उसे किस प्रकार की अभिक्षमता परीक्षा दी जाएगी ? *1*

(a) विशेषीकृत

(b) स्वतंत्र

(c) सामान्यीकृत

(d) व्यावसायिक

***General Instructions :***

*(i)* ***All** questions are **compulsory**, except where internal choice has been given.*

*(ii)* *Question Nos. **1 – 18** in **Section A** carry **1** mark each. You are expected to answer them as directed.*

*(iii)* *Question Nos. **19 – 23** in **Section B** are Very Short Answer Type-I Questions carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **30** words.*

*(iv)* *Question Nos. **24 – 27** in **Section C** are Short Answer Type-II Questions carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(v)* *Question Nos. **28 – 31** in **Section D** are Long Answer Type-I Questions carrying **4** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(vi)* *Question No. **32** in **Section E** is a Long Answer Type-II Question carrying **6** marks. Answer to this question should not exceed **200** words.*

*(vii)* *Question Nos. **33 – 36** in **Section F** are based on **two** case studies given. Each case study has **two** questions carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **30** words.*

## Section A

**1.** Vijay's parents are confused as to what subjects should he choose in Grade 11. To know where his strengths lie, the School Counsellor suggested that he take an aptitude test. What form of aptitude test do you think would be given to him ? *1*

(a) Specialised

(b) Independent

(c) Generalised

(d) Vocational

**2.** कुछ लोगों का व्यवहार आक्रामक, अहंकेंद्रित और समाजविरोधी होता है । ऐसे लोगों में _________ की अधिकता होती है । *1*

(a) सामाजिकता

(b) मनस्तापिता

(c) तंत्रिकातापिता

(d) अंतर्मुखता

**3.** जो आत्म परिवार और सामाजिक संबंधों को महत्त्व देता है, उसे _________ कहा जाता है । *1*

(i) व्यक्तिगत

(ii) सामाजिक

(iii) पारिवारिक

(iv) संबंधात्मक

(a) (i) और (iii)

(b) (ii) और (iii)

(c) (iii) और (iv)

(d) (i) और (iv)

**4.** कुछ विशेषक अकसर व्यक्ति के नाम के साथ घनिष्ठता से जुड़ जाते हैं और 'गाँधीवादी' या 'हिटलरवादी' जैसी पहचान पा लेते हैं । इस विशेषक की पहचान कीजिए । *1*

(a) केन्द्रीय

(b) गौण

(c) सतही

(d) प्रमुख

**2.** There are some people who are hostile, egocentric and antisocial. They are said to be high on _________ . *1*

(a) Sociability

(b) Psychoticism

(c) Neuroticism

(d) Introversion

**3.** The self that values family and social relationships is referred to as _________ . *1*

(i) Personal

(ii) Social

(iii) Familial

(iv) Relational

(a) (i) and (iii)

(b) (ii) and (iii)

(c) (iii) and (iv)

(d) (i) and (iv)

**4.** Some traits often get associated strongly with the name of the person and derive such identities as the 'Gandhian' or 'Hitlerian' trait. Identify the trait. *1*

(a) Central

(b) Secondary

(c) Surface

(d) Cardinal

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दबाव का सामना करने के बारे में सही ***नहीं*** है ? *1*

(i) सामना करना (coping) दबाव के प्रति एक गत्यात्मक स्थिति-विशिष्ट प्रतिक्रिया है ।

(ii) यह दबावपूर्ण स्थितियों या घटनाओं के प्रति कुछ निश्चित मूर्त अनुक्रियाओं का समुच्चय होता है, जिनका उद्देश्य समस्या का समाधान करना तथा दबाव को कम करना होता है ।

(iii) जिन व्यक्तियों की दबाव का सामना करने की क्षमता कमज़ोर होती है, उनमें प्राकृतिक रूप से नष्ट करने वाली कोशिकाओं की विषाक्तता अधिक होती है ।

(iv) व्यक्ति दबावपूर्ण स्थितियों का सामना करने की युक्तियों में समानताएँ प्रदर्शित करते हैं ।

(a) (ii), (iii) और (iv) (b) केवल (iii)

(c) (ii) और (iii) (d) (i) और (ii)

**6.** संगठन द्वारा की जाने वाली अवास्तविक अपेक्षाओं के कारण मीना का कार्य-वातावरण अत्यधिक दबावपूर्ण है । वह अपनी नौकरी और घरेलू मोर्चे पर संतुलन बनाने की कोशिश कर रही थी । पिछले कुछ महीनों से उसकी तबीयत ठीक नहीं थी । वह चिकित्सीय जाँच के लिए गई और पता चला कि उसे उच्च रक्तचाप है । सामान्य अनुकूलन संलक्षण के अनुसार ऐसा किस स्तर पर होता है ? *1*

(a) सचेत प्रतिक्रिया (b) प्रतिरोध

(c) परिश्रांति (d) अनुकूलन

**7.** वसीम हर चीज़ पर पर्दा डालना चाहता है । यहाँ तक कि वह न तो दबाव कारकों का सामना करता है और न उसे स्वीकारता है । यह किस प्रकार की असहायक आदत है ? *1*

(a) विस्मृति

(b) परिहार

(c) विलंबन

(d) पूर्णतावाद

**5.** Which of the following statements is ***not*** true about coping with stress ? *1*

(i) Coping is a dynamic situation-specific reaction to stress.

(ii) It is a set of concrete responses to stressful situations or events that are intended to resolve the problem and reduce stress.

(iii) People who cope poorly with stress have high level of natural killer cell cytotoxicity.

(iv) Individuals show similarity in coping strategies that they use to deal with stressful situations.

(a) (ii), (iii) and (iv) (b) (iii) only

(c) (ii) and (iii) (d) (i) and (ii)

**6.** Meena's work environment is highly stressful due to unrealistic expectations by the organisation. She had been trying to balance her job as well as her home front. Since the last few months, she was not feeling well. So, she went for a check-up and was diagnosed with high blood pressure. According to General Adaptation Syndrome, at what stage does this happen ? *1*

(a) Alarm reaction (b) Resistance

(c) Exhaustion (d) Adaptation

**7.** Wasim is always brushing everything under the carpet and refuses to face the stressor or even accept it. Which kind of unhelpful habit is this ? *1*

(a) Forgetfulness

(b) Avoidance

(c) Procrastination

(d) Perfectionism

8. रोगोन्मुखता-दबाव मॉडल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ? *1*

(i) कुछ जैविक विपथन का होना, जो वंशागत हो सकते हैं ।

(ii) मनोवैज्ञानिक वृत्ति और दबाव के संयोजन के कारण शारीरिक विकार विकसित होते हैं ।

(iii) रोगोन्मुखता के कारण किसी मनोवैज्ञानिक विकार के प्रति दोषपूर्णता उत्पन्न हो सकती है ।

(iv) विकारी प्रतिबलकों के अनुपस्थित होने के कारण मनोवैज्ञानिक विकारों का जन्म हो सकता है ।

(a) केवल (i) सही है ।

(b) (i) और (iii) सही हैं ।

(c) केवल (iii) सही है ।

(d) (ii) और (iv) सही हैं ।

9. कुछ लोग खुद को विशेष विचारों या बार-बार ऐसे कार्यों को करने से नहीं रोक पाते हैं, जो उनके दैनिक कामकाज को बाधित करते हैं । इन लोगों में दिखाई देने वाले लक्षण __________ के हैं । *1*

(a) उन्माद अवसाद विकार

(b) आतंक विकार

(c) कायिक अभिलक्षण विकार

(d) मनोग्रस्ति-बाध्यता विकार

10. एक दस-वर्षीय बालक, माइकल, ऐसे विकार से ग्रस्त पाया गया जहाँ उसे किसी जानकारी को सटीकता व कुशलता से समझने व संसाधित करने में कठिनाई होती है । इससे उसके पढ़ने, लिखने व गणित करने के बुनियादी कौशलों पर प्रभाव पड़ता है । इस विकार की पहचान कीजिए । *1*

(a) स्वलीनता वर्णक्रम विकार

(b) बौद्धिक अशक्तता

(c) विशिष्ट अधिगम विकार

(d) अवधान-न्यूनता अतिक्रिया विकार

**8.** Which of the following statements is/are true about the diathesis-stress model ? *1*

(i) Presence of some biological aberration which may be inherited.

(ii) Physiological disorders develop due to combination of psychological predisposition and stressors.

(iii) Diathesis may carry vulnerability to develop a psychological disorder.

(iv) Absence of pathogenic stressors that may lead to psychopathology.

(a) Only (i) is true.

(b) (i) and (iii) are true.

(c) Only (iii) is true.

(d) (ii) and (iv) are true.

**9.** Some people are unable to prevent themselves from specific ideas or from repeatedly carrying out a set of actions that disrupts their daily functioning. These people are showing symptoms of ____________ . *1*

(a) Manic depressive disorder

(b) Panic disorder

(c) Somatic symptom disorder

(d) Obsessive-compulsive disorder

**10.** Michael, a 10-year-old boy, was diagnosed with a disorder where he has difficulty in perceiving and processing information accurately and efficiently. This impacts his basic skills of reading, writing and doing mathematics. Identify this disorder. *1*

(a) Autism spectrum disorder

(b) Intellectual disability

(c) Specific learning disorder

(d) Attention-deficit hyperactivity disorder

11. निम्नलिखित प्रश्न में अभिकथन (A) का कथन और उसके बाद तर्क (R) का कथन दिया गया है । (a), (b), (c), (d) में से सही विकल्प चुनिए । *1*

*अभिकथन (A) :* संज्ञानात्मक चिकित्सा के अनुसार, बचपन में परिवार और समाज द्वारा प्रदत्त अनुभव बालक में मूल अन्विति योजना या मूल स्कीमा के रूप में विकसित हो जाते हैं, जिनमें व्यक्ति के विश्वास और क्रिया के प्रतिरूप सम्मिलित होते हैं ।

*तर्क (R) :* इस चिकित्सा में अविवेकी विश्वास पूर्ववर्ती घटनाओं और उनके परिणामों के बीच मध्यस्थता करते हैं ।

(a) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन तर्क (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन तर्क (R) सही है ।

12. रित्विक एक चिकित्सा करवा रहा है, जहाँ उसे उन शारीरिक प्रक्रियाओं और भावनाओं को पहचानना सिखाया जा रहा है जो उसकी जागरूकता में अवरुद्ध हो रहे हैं । यहाँ कौन-सी चिकित्सा उपयोग की जा रही है ? *1*

(a) सेवार्थी-केन्द्रित चिकित्सा (b) उद्‌बोधक चिकित्सा

(c) संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा (d) गेस्टाल्ट चिकित्सा

13. दबाव को दूर करने के लिए व्यवहारपरक विश्लेषण क्यों किया जाता है ? *1*

(i) दोषपूर्ण व्यवहार ढूँढ़ने के लिए

(ii) अनुकूली व्यवहार के परिणामी संक्रिया को खोजने के लिए

(iii) दोषपूर्ण अधिगम के पूर्ववर्ती की पहचान करने के लिए

(iv) दोषपूर्ण अधिगम को बनाए रखने वाले कारकों की पहचान करने के लिए

(a) (i), (iii) और (iv) (b) केवल (iii)

(c) (ii) और (iii) (d) (i) और (ii)

**11.** In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Select the correct choice from (a), (b), (c), (d). *1*

*Assertion (A) :* According to cognitive therapy, childhood experiences provided by the family and society develop core schemas in the child which include beliefs and action patterns in individual.

*Reason (R) :* In this therapy, irrational beliefs mediate between antecedent events and their consequences.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**12.** Ritik is undergoing a therapy where he is being taught to recognise bodily processes and the emotions that are being blocked out from his awareness. Which therapy is being applied here ? *1*

(a) Client-centred therapy (b) Logotherapy

(c) Cognitive behaviour therapy (d) Gestalt therapy

**13.** Why is behavioural analysis conducted to overcome stress ? *1*

(i) To find malfunctioning behaviour

(ii) To find the consequent operations of the adaptive behaviour

(iii) To identify the antecedents of faulty learning

(iv) To identify factors that maintain faulty learning

(a) (i), (iii) and (iv) (b) Only (iii)

(c) (ii) and (iii) (d) (i) and (ii)

**14.** निम्नलिखित प्रश्न में अभिकथन (A) का कथन और उसके बाद तर्क (R) का कथन दिया गया है । (a), (b), (c), (d) में से सही विकल्प चुनिए । *1*

*अभिकथन (A) :* संज्ञानात्मक संगति का अर्थ है कि अभिवृति तंत्र के दो घटकों को विपरीत दिशा में होना चाहिए ।

*तर्क (R) :* यदि ये दो घटक तार्किक रूप से एक समान नहीं हैं, तो व्यक्ति एक प्रकार की मानसिक असुविधा का अनुभव करता है ।

(a) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन तर्क (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन तर्क (R) सही है ।

**15.** कॉलेज में अश्विन के कक्ष में साथ रहने वाले, एक विशेष प्रदेश के निवासी, छात्र का व्यवहार उसके प्रति असभ्य व स्वार्थपूर्ण था । अब अश्विन इस प्रदेश विशेष के लोगों से न मित्रता करता है और न ही उन्हें नौकरी पर नियुक्त करता है । उसे लगता है कि उस राज्य के लोगों में विनम्रता का अभाव है । यह उदाहरण है : *1*

(a) स्वत: साधक भविष्योक्ति

(b) सत्य का आधार तत्त्व

(c) बलि का बकरा बनाना

(d) सामाजिक संज्ञान

**16.** निम्नलिखित में से अभिवृत्ति परिवर्तन का कारण बनने वाला कौन-सा कारक ***नहीं*** है ? *1*

(a) संदेश की विशेषताएँ

(b) पर्यावरणी विशेषताएँ

(c) स्रोत की विशेषताएँ

(d) लक्ष्य की विशेषताएँ

**14.** In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Select the correct choice from (a), (b), (c), (d). *1*

*Assertion (A) :* Cognitive consistency means that two components in an attitude system must be in the opposite direction.

*Reason (R) :* If the two elements are not logically in consonance with each other, it leads to distress in the individual.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**15.** Ashwin's roommate at college, who belonged to a particular State, was always rude and selfish towards him. Ashwin now does not befriend or employ people from this State as he feels that they are all impolite. This is an example of *1*

(a) Self-fulfilling prophecy

(b) Kernel of truth

(c) Scapegoating

(d) Social cognition

**16.** Which one of the following is ***not*** a factor that will lead to attitude change ? *1*

(a) Message characteristics

(b) Environmental characteristics

(c) Source characteristics

(d) Target characteristics

**17.** हम सभी किसी-न-किसी प्रकार के समूह से संबंधित होते हैं । यदि आप सशस्त्र बल में शामिल होते हैं, तो वह किस प्रकार का समूह होगा ? *1*

(i) प्राथमिक

(ii) द्वितीयक

(iii) औपचारिक

(iv) अनौपचारिक

(a) (i), (iii) और (iv)

(b) (iii) और (iv)

(c) (ii) और (iii)

(d) (i), (ii) और (iv)

**18.** निम्नलिखित प्रश्न में अभिकथन (A) का कथन और उसके बाद तर्क (R) का कथन दिया गया है । (a), (b), (c), (d) में से सही विकल्प चुनिए । *1*

*अभिकथन (A) :* सुविधावंचित परिस्थितियों वाले घरों के जिन बच्चों को उच्च सामाजिक-आर्थिक स्थिति के परिवारों द्वारा गोद ले लिया जाता है, उनकी बुद्धि प्राप्तांकों में अत्यधिक वृद्धि दिखाई देती है ।

*तर्क (R) :* पर्यावरणी वचन बुद्धि के विकास को घटा देता है जबकि प्रचुर एवं समृद्ध पोषण, अच्छी पारिवारिक पृष्ठभूमि तथा गुणवत्तायुक्त शिक्षा-दीक्षा बुद्धि में वृद्धि कर देती है ।

(a) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) सही है, लेकिन तर्क (R) ग़लत है ।

(c) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन तर्क (R) सही है ।

(d) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

**17.** We all belong to different types of groups. What type of group will the armed forces be if you join it ? *1*

(i) Primary

(ii) Secondary

(iii) Formal

(iv) Informal

(a) (i), (iii) and (iv)

(b) (iii) and (iv)

(c) (ii) and (iii)

(d) (i), (ii) and (iv)

**18.** In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Select the correct choice from (a), (b), (c), (d). *1*

*Assertion (A) :* Children from disadvantaged homes, when adopted into families with higher socio-economic status, exhibit a large increase in their intelligence scores.

*Reason (R) :* Environmental deprivation lowers intelligence while rich nutrition, good family background and quality of schooling increases intelligence.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is correct explanation of Assertion (A).

(b) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(c) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(d) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

## खण्ड ख

**19.** आदिल नामक एक युवक ऐसी आक्रामक कार्यवाही करता है, जिससे अन्य व्यक्तियों या पशुओं को धमकी या नुकसान हो सकता है । वह गंभीर नियमों का उल्लंघन करता है । ये लक्षण क्या संकेत करते हैं ? दो अन्य आक्रामक प्रकार के व्यवहारों का उल्लेख कीजिए । *2*

**20.** (क) रंजन ने अपने जीवन में अनेक हादसों (दुर्घटनाओं) का सामना किया है । इसके बावजूद कि उसमें उच्च स्तर के दबाव हैं, वह निम्न रोग स्तर दर्शाता है । कौन-सी विशेषता रंजन जैसे लोगों को दबाव-प्रतिरोधी बनाती है ? *2*

**अथवा**

(ख) नीरव के माता-पिता हाल ही में बेंगलुरु स्थानांतरित हुए हैं और उसे नए शहर में बसाने में व्यस्त हैं । नीरव को नागपुर के अपने दोस्तों की याद आती रहती है । इसका प्रभाव उसके शैक्षिक प्रदर्शन पर भी दिखाई देता है । इस दबाव का स्रोत क्या है ? दबाव के अन्य स्रोतों का उल्लेख कीजिए । *2*

**21.** संज्ञानात्मक विकृति को स्पष्ट कीजिए । एक सेवार्थी द्वारा अनुभव किए जाने वाले संज्ञानात्मक विकृति का एक उदाहरण दीजिए । *2*

**22.** कल्पना कीजिए कि आप एक कॉलेज के छात्र हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देना चाहते हैं । एक ऐसी प्रक्रिया का सुझाव दीजिए, जिसे आप अपने साथियों को केवल भारतीय सामान खरीदने और इस संदर्भ में उनका अभिवृत्ति परिवर्तन करने के लिए उपयोग करेंगे ताकि देश की अर्थव्यवस्था सुधर सके । *2*

**23.** अंत: समूह एवं बाह्य समूह में अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*

## खण्ड ग

**24.** रयान और शिरीन एक ही पर्यावरण में पले-बढ़े भाई-बहन हैं । रयान गणित के सभी सूत्रों को जानता है और उन्हें ज्यों का त्यों दोहरा सकता है लेकिन इन सूत्रों पर आधारित प्रश्नों को हल नहीं कर सकता, जबकि शिरीन उन सूत्रों पर आधारित किसी भी प्रश्न को इन सूत्रों का उपयोग कर हल कर सकती है । दोनों जिस बुद्धि का प्रदर्शन करते हैं, उसकी व्याख्या कीजिए । यह सिद्धांत किस उपागम पर आधारित है ? *3*

**25.** मानसिक विकारों को समझने के लिए प्रयुक्त किन्हीं तीन मनोवैज्ञानिक मॉडलों को स्पष्ट कीजिए । *3*

## Section B

**19.** Adil, a young man, shows aggressive actions that threaten or cause harm to people or animals and indulges in serious rule violations. What are these symptoms indicative of ? Mention two other types of aggressive behaviour. *2*

**20.** (a) Ranjan has faced a lot of mishaps in his life. However, he shows low levels of illness despite high levels of stress. What makes people like Ranjan resistant to stress ? *2*

**OR**

(b) Neerav's parents have recently shifted to Bengaluru and have been busy settling him in the new city. Neerav misses his friends back in Nagpur and this has impacted his academic performance. What is the source of this stress ? State the other sources of stress as well. *2*

**21.** Explain cognitive distortions. Give an example of cognitive distortion that a client might be experiencing. *2*

**22.** Suppose you are a college student who wants to contribute towards the country's economy. Suggest a process that you will use to bring an attitude change amongst your peers towards buying only Indian goods to support the nation's economy. *2*

**23.** Differentiate between ingroup and outgroup. *2*

## Section C

**24.** Ryan and Shireen are siblings brought up in the same environment. Ryan knows all the formulae in mathematics and can recall them as they are but cannot solve problems based on those formulae, whereas Shireen can use formulae to solve any kind of problem that are based on them. Explain the intelligence they both exhibit. Which approach is this theory based on ? *3*

**25.** Explain any three psychological models used to understand mental disorders. *3*

**26.** (क) 'किसी विशिष्ट विषय के प्रति एक व्यक्ति की अभिवृत्ति उसके व्यवहार के विपरीत हो सकती है ।' साक्ष्य के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) 'मूल्य और विश्वास अभिवृत्ति के समान नहीं हैं ।' इस कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिए । *3*

**27.** महक मनोविज्ञान समूह की एक महत्त्वपूर्ण सदस्या है और हाल ही में उसका चयन फुटबॉल टीम की सदस्या के रूप में भी हुआ है । समूह और टीम जिसकी वह सदस्या है, के बीच मुख्य अंतर क्या है ? *3*

**खण्ड घ**

**28.** (क) किस मॉडल के अनुसार बौद्धिक क्रियाएँ अन्योन्याश्रित तीन तंत्रिकीय या स्नायुविक तंत्रों की क्रियाओं द्वारा संपादित होती हैं ? वर्णन कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) व्यक्ति का सांस्कृतिक पर्यावरण बुद्धि के विकसित होने में एक संदर्भ प्रदान करता है । संस्कृति की भूमिका बुद्धि के विषय में हमारी समझ को कैसे प्रभावित करती है ? स्पष्ट कीजिए । *4*

**29.** एक अध्ययन में पाया गया कि 6 साल की आयु के एक-तिहाई ब्रिटिश बच्चे साँपों से डरते हैं, जबकि ब्रिटिश द्वीप-समूह में साँपों का सामना होना दुर्लभ है । अभिघातज स्थिति में बच्चे कभी भी साँपों के संपर्क में नहीं आए थे । फिर भी साँप उनमें चिंतित अनुक्रियाएँ उत्पन्न करते थे । कार्ल युंग के व्यक्तित्व के सिद्धांत द्वारा इसे कैसे समझा जा सकता है ? उनके सिद्धांत पर प्रकाश डालिए । *4*

**30.** (क) पर्यावरण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए व्यक्तियों के पास सही जीवन कौशल होना चाहिए । किन्हीं चार जीवन कौशलों को स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) उच्च रक्तचाप, अल्सर, आदि कई बीमारियाँ दबाव से संबंधित हो सकती हैं । ऐसा होने से रोकने के लिए हमें दबाव प्रबंधन तकनीकों के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है । इनमें से किन्हीं चार तकनीकों को स्पष्ट कीजिए । *4*

**31.** आठ वर्ष का एक बच्चा कक्षा में आक्रामक और विध्वंसकारी व्यवहार कर रहा है । मनोविज्ञान के एक छात्र के रूप में बच्चे के व्यवहार को संशोधित करने में मदद करने के लिए आप किन तकनीकों का सुझाव देंगे ? *4*

**26.** (a) 'An individual's attitude towards a particular topic may be contrary to his/her behaviour.' Justify this statement with evidence. *3*

**OR**

(b) 'Values and beliefs are not the same as attitudes.' Explain this statement with the help of examples. *3*

**27.** Mehak is an important member of her Psychology group and has recently been selected to be a member of the football team as well. What is the main difference between the group and the team that she is a part of ? *3*

## Section D

**28.** (a) Describe the model which states that intellectual activity involves the three interdependent functioning of neurological systems. *4*

**OR**

(b) The cultural environment provides a context for intelligence to develop. How does the role of culture influence our understanding of intelligence ? Explain. *4*

**29.** A study found that one-third of British children, at age six, are afraid of snakes even though it is rare to encounter snakes in British Isles. The children had never come in contact with snakes in a traumatic situation, but snakes still generated anxious response. How would Carl Jung's theory of personality explain the same ? Throw some light on his theory. *4*

**30.** (a) To deal effectively with environment, the individuals must possess the right life skills. Explain any four of these life skills. *4*

**OR**

(b) Many ailments like hypertension, ulcers, etc. could be stress related. To prevent this from happening, we need to be aware about stress management techniques. Explain any four of these techniques. *4*

**31.** An eight-year-old child is showing aggressive and disruptive behaviour in the class. As a student of Psychology, what techniques would you suggest to help modify the child's behaviour ? *4*

## खण्ड ङ

**32.** (क) 'व्यक्तित्व' को समझने के लिए कई सिद्धांतों का उपयोग किया गया है । चर्चा कीजिए कि प्राचीन काल से लोगों को व्यक्तित्व के प्ररूपों में वर्गीकृत करने के प्रयास कैसे किए गए हैं । *6*

**अथवा**

(ख) फ्रॉयड के अनुसार, लोग वास्तविकता को विकृत कर अहं की रक्षा करने वाली युक्तियों का उपयोग कर दुश्चिंता से बचते हैं । इन युक्तियों को क्या कहा जाता है ? उदाहरणों की सहायता से इसके विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए । *6*

## खण्ड च

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन पढ़कर पूछे गए प्रश्नों **(प्र. 33 – 34)** के उत्तर दीजिए :*

छह-वर्षीय एक लड़का, मोहसिन को खुद खाना खाने और कपड़े पहनने में कठिनाई होती है, लेकिन माता-पिता के प्रशिक्षण ने उसे थोड़ा स्वतंत्र होने में मदद की है । उसे अपने परिवार से बाहर मित्र बनाने में समस्या होती है और सामाजिक परिस्थितियों में लोगों के साथ व्यवहार करने में कठिनाई होती है । उसके माता-पिता हमेशा उसके बारे में चिंतित रहते हैं और जानते हैं कि दैनिक कार्यों में उसे लगातार देख-रेख की आवश्यकता है । मोहसिन का भाई समझता है कि वह क्या कहना चाहता है और उसकी आवश्यकताएँ क्या हैं, लेकिन उसके साथियों के लिए उसे समझना मुश्किल है क्योंकि संप्रेषण और भाषा कौशलों में वह उनसे पीछे है ।

मोहसिन की इस पूरी यात्रा के दौरान मनोवैज्ञानिकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने उसके परिवार के साथ विभिन्न रणनीतियों और संसाधनों का उपयोग कर उसके सार्थक भविष्य के लिए योजनाएँ बनाने पर ध्यान केंद्रित किया । इसके अंतर्गत उन्हें सही समय पर उपयुक्त जानकारी देना, संसाधनों को समझना और उनसे जुड़ना शामिल था ।

**33.** (क) मोहसिन किस विकार को प्रदर्शित कर रहा है ? इसे स्वलीनता वर्णक्रम विकार से अलग कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) मोहसिन में दिखाई देने वाले लक्षण उस विकार के अति गंभीर रूप से कैसे अलग हैं ? *2*

**34.** मोहसिन के विकार को समझने के लिए मनोवैज्ञानिक विकारों को वर्गीकृत करने के लिए मनोवैज्ञानिक किस वस्तु की सहायता लेते हैं ? *2*

## Section E

**32.** (a) A number of theories have been used to understand 'personality'. Discuss how efforts have been made to categorise people into personality types since ancient times. *6*

**OR**

(b) According to Freud, individuals avoid anxiety by using mechanisms that protect the ego by distorting reality. What are these mechanisms called ? Explain its different kinds with the help of examples. *6*

## Section F

*Read the case study and answer the question **(Q. 33 – 34)** that follows :*

Mohsin, a 6-year-old boy, has difficulty in feeding and dressing himself, but training from his parents has helped him to be a little independent. He faces trouble making friends outside his family and has difficulty in dealing with people in social situations. His parents are always worried about him and are aware that he needs consistent level of supervision in daily tasks. Mohsin's brother understands his needs and what he says but it is difficult for his peers to understand him as he lags behind them in communication and language skills.

Throughout Mohsin's journey, psychologists and health workers focused on engaging his family in meaningful future planning using a variety of strategies and resources. This included offering them ongoing and timely information and assisting the family to understand and connect to resources.

**33.** (a) Identify the disorder Mohsin is exhibiting. Distinguish it from autism spectrum disorder. *2*

**OR**

(b) How are the symptoms that Mohsin is exhibiting different from a more severe form of that disorder ? *2*

**34.** In order to understand Mohsin's disorder, what do psychologists refer to classify psychological disorders ? *2*

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन पढ़कर पूछे गए प्रश्नों* ***(प्र. 35 – 36)*** *के उत्तर दीजिए :*

जब श्रीकांत बोला का जन्म हुआ, तो गाँव के पड़ोसियों ने सलाह दी कि उसके माता-पिता उनका गला घोंट दें । कुछ ने कहा कि ऐसा करना उस पीड़ा से बेहतर होगा, जो उन्हें आजीवन भुगतना होगा । आँखों के अभाव में वह एक 'बेकार' बच्चा है । दूसरों ने कहा कि नेत्रहीन पैदा होना एक पाप है । तेईस वर्ष बाद श्रीकांत अपने दृढ़ विश्वास के बल पर सर गर्व से ऊँचा किए खड़ा है और कहता है कि "यदि दुनिया मुझे देखकर कहती है कि 'श्रीकांत तुम कुछ नहीं कर सकते' तो मैं दुनिया को देखकर कहता हूँ कि मैं सब कुछ कर सकता हूँ ।"

श्रीकांत हैदराबाद स्थित बोलैंट इंडस्ट्रीज का संस्थापक और सी.ई.ओ. है । यहाँ पर्यावरण के अनुकूल डिस्पोज़ेबल उपभोक्ता पैकेजिंग सॉल्यूशंस बनाने के लिए अशिक्षितों और दिव्यांगों को नियुक्त किया जाता है । यह उद्योग ₹ 50 करोड़ का है । श्रीकांत स्वयं को सबसे भाग्यशाली मानता है, इसलिए नहीं कि वह अब करोड़पति है, बल्कि इसलिए कि उसके अशिक्षित माता-पिता, जिनकी वार्षिक आय केवल ₹ 20,000 थी, ने किसी की 'सलाह' नहीं मानी और उसे बड़े प्रेम और स्नेह से पाला । श्रीकांत कहता है, "मैं जानता हूँ कि वे सबसे अमीर व्यक्ति हैं ।"

**35.** हम देख सकते हैं कि श्रीकांत में पर्यावरण के प्रति अनुकूलन, उसे आकार देने और चयन करने की योग्यता है । बुद्धि के उस सिद्धांत के विषय में बताइए जो श्रीकांत की बुद्धि को समझने में हमारे लिए सबसे अधिक सहायक होगी । *2*

**36.** "श्रीकांत गर्व से सर ऊँचा किए अपने विश्वास के बल पर खड़ा है और कहता है कि "यदि दुनिया मुझे देखकर कहती है कि 'श्रीकांत तुम कुछ नहीं कर सकते' तो मैं दुनिया को देखकर कहता हूँ कि मैं सब कुछ कर सकता हूँ ।" गार्डनर के बहु-बुद्धि का सिद्धांत के अनुसार, बुद्धि का कौन-सा प्रकार इसकी सटीक व्याख्या करता है ? इस बुद्धि प्रकार के बारे में संक्षेप में चर्चा कीजिए । *2*

*Read the case study and answer the question* ***(Q. 35 – 36)*** *that follows :*

When Srikanth Bolla was born, neighbours in the village suggested that his parents smother him. It was better than the pain they would have to go through their lifetime, some said. He is a "useless" baby without eyes; being born blind is a sin, others added. Twenty-three years later, Srikanth is standing tall living by his conviction that if the "world looks at me and says, 'Srikanth, you can do nothing', I look back at the world and say, I can do anything."

Srikanth is the Founder and CEO of Hyderabad-based Bollant Industries, an organisation that employs uneducated and challenged employees to manufacture eco-friendly, disposable consumer packaging solutions, which is worth ₹ 50 crore. He considers himself the luckiest man alive, not because he is now a millionaire, but because his uneducated parents, who earned ₹ 20,000 a year, did not heed any of the 'advice' they received and raised him with love and affection. "They are the richest people I know," says Srikanth.

**35.** We can see that Srikanth has the ability to adopt, shape and select the environment. Identify the theory of intelligence that would best support our understanding of Srikanth's intelligence. *2*

**36.** "Srikanth is standing tall living by his conviction that if the "world looks at me and says, 'Srikanth, you can do nothing', I look back at the world and say, I can do anything." According to Gardner's multiple theory of intelligences, which kind of intelligence explains this ? Discuss this intelligence in brief. *2*